## रंजिशन की हत्या, दो गिरफ्तार

### शराब के बहाने बुलाया, फिर पत्थर से कुचल दिया सिर

**बिरसिंहपुर पाली, देशबन्धु।** पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बरा मोहल्ला मंगठार में 6 जून 2025 की सुबह एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जिसने पूरे क्षेत्र में दहशत फैला दी। मोहल्ले के ही निवासी 45 वर्षीय मनोज पिल्ले का शव उनके घर के पास खून से लथपथ हालत में मिला। शव की स्थिति देखकर यह साफ हो गया कि हत्या बेहद क्रूरतापूर्वक की गई थी। सिर पर पत्थर से वार किए गए थे।

स्थानीय नागरिकों की सूचना पर पाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात आरोपी के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्रारंभिक छानबीन में पुलिस को कोई स्पष्ट सुराग नहीं मिला, लेकिन जब पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की तब इस हत्या की परतें धीरे-धीरे खुलनी शुरू हुईं।

जांच के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ। पूछताछ में शिवेंद्र चतुर्वेदी नामक युवक ने खुलासा किया कि इस हत्या के पीछे एक 13 साल पुराना बदला छिपा है। शिवेंद्र ने बताया कि वर्ष 2012 में उसकी मां कमला चतुर्वेदी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हुई थी। उस समय आरोप था कि मनोज पिल्ले ने ही उनके घर में आग लगाकर उन्हें जिंदा जला दिया था। शिवेंद्र के दिल में वर्षों से पल रही बदले की आग आखिरकार 5 जून 2025 की रात भड़क उठी। उसने अपने साथी प्रवीण नामदेव के साथ मिलकर मनोज पिल्ले की हत्या की साजिश रची और अंजाम भी दे डाला।

शिवेंद्र और प्रवीण दोनों लेबर कॉलोनी मंगठार के निवासी हैं। दोनों ने मनोज पिल्ले को पांच जून की रात शराब पीने के बहाने बुलाया। रात करीब 9 बजे तीनों साथ बैठे और शराब पी। इसी दौरान शिवेंद्र ने रंजिश को याद करते हुए अपने साथी प्रवीण के साथ मिलकर मनोज के सिर पर पत्थर से हमला कर उसकी निर्मम हत्या कर दी, लेकिन पुलिस की सतर्कता के चलते कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिए गए।

### दस घंटे में अंधे हत्याकांड का खुलासा

इस जघन्य हत्याकांड का खुलासा करने में उमरिया पुलिस की भूमिका उल्लेखनीय रही। पुलिस अधीक्षक उमरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और अनुविभागीय अधिकारी पाली के निर्देशन में थाना पाली की टीम ने महज 10 घंटे के भीतर अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझा दी। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मदन लाल मरावी, उप निरीक्षक विजय कुमार सेन, सहायक उप निरीक्षक शशि कुमार द्विवेदी, प्रधान आरक्षक बेयन्त राने, रनवीर, सुखदेव, महेश साह, महिला आरक्षक तनु द्विवेदी और स्वाती जैन की विशेष भूमिका रही।

## दो शातिर चोर गिरफ्तार, बाइक बरामद



**शहडोल, देशबन्धु।** बारात घर के सामने खड़ी बाइक को मौका पाते ही चोरों ने उड़ा लिया था। लेकिन उनके मंसूबे ज्यादा दिन तक सफल न हो सके और जिले की ब्यौहारी पुलिस ने 2 दिन में ही चोरों को धर लिया। पुलिस ने इन चोरों के पास से दो बाइक भी बरामद की है।

ब्यौहारी पुलिस ने बताया कि फरियादी मोहम्मद रसीद निवासी वार्ड क्रमांक 11 ब्यौहारी ने 6 जून को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह 5 जून को केसरी पैलेस में शादी समारोह कार्यक्रम में काम करने गया था और उसने अपनी मोटर साइकिल पैलेस ले बाहर खड़ी कर दी थी। लेकिन रात करीब 12 बजे घर जाने के बाहर आया तो मोटर साइकिल वहां नही थी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना ब्यौहारी में धारा 303(2) बीएनएस. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार 14 अप्रैल को फरियादी बिहारीलाल कोल निवासी जमोड़ी द्वारा ब्यौहारी बाजार से मोटर साइकिल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिस पर थाना में धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबद्धकर विवेचना में लिया गया।

पुलिस ने विवेचना के दौरान केशरी पैलेस में लगे सीसीटीव्ही कैमरे के आधार पर प्रिंस पटेल उम्र 22 वर्ष निवासी मुख्तियारगंज थाना कोतवाली जिला सतना हाल गोदावल तिराहा ब्यौहारी, अभिषेक उर्फ गोलू सोनी उम्र 19 वर्ष निवासी बस स्टैण्ड ब्यौहारी को चिन्हित कर तलाश की और जब दोनों से घटना के संबंध मे पूछताछ की तो उन्होंने घटना घटित करना स्वीकार कर लिया।

इसके बाद पुलिस ने चोरी गई दोनों मोटर साइकिल को आरोपी प्रिंस पटेल के किराए के मकान से बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 02 अलग-अलग अपराधों में चोरी गई 02 मोटर साइकिल कीमत करीबन 1 लाख 25 हजार रुपए बरामद कर दोनों प्रिंस पटेल और अभिषेक उर्फ गोलू सोनी को 07 जून को गिरफ्तार कर लिया।

इनकी रही भूमिका-उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक शहडोल राम जी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी. ब्यौहारी के दिशा निर्देशन में थाना प्रभारी ब्यौहारी निरीक्षक अरूण कुमार पाण्डेय, उनि वीरेन्द्र तिवारी, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र उपाध्याय, आरक्षक संजय द्विवेदी, त्रिलोक सिंह, अमृत यादव और अजीत यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सार-समाचार

### ईद पर दी मुबारकबाद, देश की तरक्की और भाईचारे की मांगी दुआ



**उमरिया, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय की ईदगाह में शनिवार सुबह ईदुल.अज़्हा की नमाज हुई। हाफ़िज़ की इमामत में हजारों मुस्लिम भाइयों ने नमाज अदा की। इस अवसर पर देश की तरक्की और आपसी भाईचारे की दुआएं मांगी गईं। मुख्यालय के साथ.साथ आसपास के दुब्बार, पौनिया, खुसर्वाह, बड़ेरी और करकेली समेत कई गांवों से मुस्लिम समुदाय के लोग ईदगाह पहुंचे। जिले के चंदियाए नोरोजाबादए बिरसिंहपुरए मानपुर और अमरपुर में भी नमाज अदा की गई।

**एक.दूसरे को गले लगाकर दी ईद की मुबारकबाद**

नमाज के बाद लोगों ने एक.दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। कुर्बानी के पर्व पर बच्चों में भी विशेष उत्साह देखा गया। अपने दिवंगत परिजनों के लिए फातेहा और दुआएं कीं। ईदगाह में पुलिस और राजस्व के साथ नगरीय निकाय के अधिकारी ने मुस्लिम भाइयों को मुबारकबाद दी । ईदगाह में पुलिस और राजस्व के साथ नगरीय निकाय के अधिकारी ने मुस्लिम भाइयों को मुबारकबाद दी । त्योहार के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। हर गली और चौराहे पर पुलिस बल तैनात रहा।

### शहडोल में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया पौधरोपण

**शहडोल, देशबन्धु।** हर घर पेड़ लगाओ, प्रकृति से प्रेम जताओं। पर्यावरण का महत्व जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है, हमें पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए मिलकर कार्य करना होगा। यदि पयार्वरण स्वच्छ और संतुलित होता है तो जीवन भी सुखद और सुरक्षित रहता है। पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। पौधरोपण करने से न केवल हरियाली बढती है, बल्कि मिटटी का कटाव रुकता है, जीव-जंतुओ का आवास सुरक्षित होता है और वर्षा भी संतुलित होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में प्रकृति की गोद भरने के लिए %एक पेड़ माँ के नाम% अभियान 30 सितम्बर 2025 तक चलाया जा रहा है। इस अभियान में जन मानस बढ़ चढकर सहभागी बने और प्रकृति की गोद भरने में अपनी महती भूमिका निभाएं। यह विचार विधायक ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र शरद जुगलाल कोल ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत ब्यौहारी जनपद पंचायत प्रागंण पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जनपद पंचायत ब्यौहारी कार्यालय के परिसर में विधायक शरद कोल, अध्यक्ष जनपद पंचायत आकांक्षी प्रीतू सिंह, समाजसेवी अमिता चपरा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ब्यौहारी विजय सिंह सहित अन्य लोगों ने पौधरोपण किया।

### गंगा दशहरा में प्रकृति पूजा कर किया पौधरोपण

**बिरसिंहपुर पाली, देशबन्ध।** विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा के पावन अवसर पर हरि कथा समिति बेली में प्रकृति पूजन का आयोजन कर गाँव की अमोला नदी की विधि वत पूजा आरती कर वृक्षारोपण किया गया।इस अवसर पर हरि कथा समिति के सचिव के ओंकार प्रसाद चतुर्वेदी के नेत्तृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संच सचिव द्रोपदी सिंह पाली , आंचल समिति आचार्य संतोषी सिंह, समिति सदस्य श्री मती संतरा बाई, श्री मती सरस्वती सिंह चंदा सिंह, सोनाली सिंह, आदर्श सिंह, शिवराज सिंह, इत्यादि लोगों ने विद्यालय भवन में एकत्रित होकर गायत्री मंत्र का उच्चारण करते हुए अमोला नदी तक गये, जहाँ पर पहुँच कर विधि विधान से पूजा आराधना कर गंगा आरती की गयी। तत्पश्चात उपस्थित लोगों ने वृक्षारोपण कर पुण्य दायी काम किया गया। विदित होवे कि हमारे देश में आदि काल से ही प्रकृति पूजा की महत्ता रही है और इस परंपरा का निर्वहन करते हुए हरि कथा समिति ने जो कार्य किया है, वह सदैव अनुकरणीय रही है।

## जिला अस्पताल की व्यवस्था दुरुस्त, मिली सराहना

### भोपाल की टीम ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण



**शहडोल, देशबन्धु।** एनएचएम भोपाल की दो सदस्यीय टीम ने जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड व ओटी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण टीम को अस्पताल की सभी व्यवस्थाएं व्यवस्थित मिली, जिसकी टीम ने सराहना की।

जिला चिकित्सालय शहडोल के लक्ष्य आधारित मेटरनिटी वार्ड के असेसमेंट के लिए दो सदस्यीय टीम एनएचएम भोपाल से प्राची अग्निहोत्री व जिला चिकित्सालय अनूपपुर से प्रिया प्रजापति ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। टीम द्वारा लेबर रूम व ऑपरेशन थिएटर में प्रसूताओं को मिलने वाली सुविधाओं व वहां उपलब्ध संसाधनों का जायजा लिया, साथ ही अस्पताल प्रबंधन से प्रसूताओं को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान मेटरनिटी वार्ड में साफ-सफाई की व्यवस्था अच्छी पाई गई, जिसकी टीम ने सराहना की। लक्ष्य टीम ने लेबर रूम के साथ ही ऑपरेशन थियेटर का भी निरीक्षण किया। साथ ही प्रसूताओं से भी अस्पताल प्रबंधन से मिलने वाले सुविधाओं के संबंध में चर्चा की। वार्ड व ओटी में उपलब्ध संसाधनों व अन्य मशीनरी के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अस्पताल सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ ने दल के सदस्यों को जिला अस्पताल की अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक प्रबंधन श्रीमती पूजा सोनी, आरएमओ डॉ. पुनीत श्रीवास्तव उपस्थित थें।

## ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर दो युवक घायल, चालक फरार

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के चंदिया थाना क्षेत्र में एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना शनिवार दोपहर की है। दरअसलए फायर क्ले से लदा ट्रक ;नंबर ब्ळ 04 चक्3445द्ध चंदिया के खैरभार खदान से निकला था। टक्कर में कटनी जिले के खरहटा गांव के दो युवक कमलेश ;32द्ध और प्रकाश कोल ;30द्ध घायल हुए। चंदिया पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। ट्रक ड्राइवर की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ.केसी सोनी ने बताया कि दोनों युवकों को फ्रैक्चर हुआ है। उनका इलाज जारी है।

### हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा की

**शहडोल, देशबन्धु।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने समय-सीमा की सासाहिक बैठक में विभागवार सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को संतुष्टि के साथ निराकरण दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित सीईओ जनपद पंचायतों तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को संबल योजना में पंजीयन संबंधी शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए। आपने आगामी समाधान ऑनलाइन हेतु राज्य स्तर से चयनित विभागों तथा उन विभागों द्वारा संचालित योजनाओं में लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए दो दिवस के भीतर निराकरण के निर्देश दिए।

## बिरसिंहपुर में दो पक्ष भिड़े, पत्थरबाजी, आगजनी, एक की हालत गंभीर

**बिरसिंहपुर, देशबन्धु।** क्षेत्र में आज सुबह दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश के चलते टकराव हो गया. दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर पथराव कर लाठियों से हमला कर दिया. हमले में एक युवक के शरीर पर गंभीर चोटें आई है. वहीं एक पक्ष ने दूसरे की मोटर साइकलों में तोड़फ़ोड़ कर आग लगा दी. टकराव की खबर मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया, जिन्होने मामले को शांत कराया, घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है।



पुलिस अधिकारियों के अनुसार शिवांक तिवारी व उसके दोस्तों का कुछ मुस्लिम युवको से क्षेत्र में प्रतिबंधित कोरेक्स सिरप बेचने को लेकर विवाद हुआ था. जिसकी वजह थी कि तिवारी परिवार के युवकों ने एक मुस्लिम युवक को कोरेक्स सिरप बेचते हुए सोशल मीडिया पर वायरल किया था. इसके बाद से ही दोनों पक्षों के बीच रंजिश चली आ रही है. आज सुबह के वक्त हनुमान मंदिर के पास शिवांक अकेला घूम रहा था, इस दौरान दूसरे पक्ष के युवकों ने घेरकर लाठी से हमला कर दिया. हमले में शिवांक के शरीर पर गंभीर चोटें आई।

शिवांक पर हमले की खबर मिलते ही युवक एकत्र हो गए. कुछ पल बाद दूसरे पक्ष के युवक भी आ गए, दोनों ने एक दूसरे के साथ गाली गलौज करते हुए पथराव शुरु कर दिया. यहां तक मोटर साइकलों में तोड़फ़ोड़ कर आग लगा दी।

देखते ही देखते क्षेत्र में अफरातफरी व भगदड़ मच गई. खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ पहुंच गए. जिन्होने दोनों पक्षों के युवकों को खदेड़ दिया. वहीं घायल शिवांक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, जहां पर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया. घटना के बाद भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

## मझिगँवा के आदिवासियों को मिले उन्नत किस्म के आम के पौधे

**सिंगरौली, देशबन्धु।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर हिंडालको महान के बै्त् विभाग द्वारा मझिगँवा गांव में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गयाए जिसमें स्थानीय आदिवासी समुदाय को उन्नत किस्म के आम के पौधे वितरित किए गए। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में एक सार्थक प्रयास हैए बल्कि इससे ग्रामीणों को दीर्घकालिक आर्थिक लाभ भी प्राप्त होगा।



कार्यक्रम के दौरान बै्त् प्रमुख संजय सिंह साथ ही विभाग से धीरेन्द्र तिवारी तथा बीरेंद्र पाण्डेय की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने पौध वितरण के साथ ही आदिवासी समुदाय को पर्यावरण रक्षण में उनकी पारंपरिक भूमिका के लिए सम्मानित किया और उन्हें ष्पर्यावरण प्रेमी जनजातिष् की संज्ञा दी।

इस अवसर पर संजय सिंह ने कहा हमारा उद्देश्य सिर्फ पौधे देना नहीं हैए बल्कि समुदाय को आत्मनिर्भर बनाना भी है। आम के ये पौधे आने वाले वर्षों में उन्हें न केवल पर्यावरणीय लाभ देंगे बल्कि फल उत्पादन से उनकी आजीविका में भी सहारा बनेगा।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित ग्रामीण जनों ने दिए गए पौधों का अपने घरों में रोपण कर पर्यावरण संरक्षण के महत्व को निभाया।

हिंडालको महान का यह कदम स्थानीय विकास और हरित भविष्य की ओर एक प्रेरणादायक प्रयास है।

## भाजपा कार्यालय में कार्यशाला आयोजित

**उमरिया, देशबन्धु।** भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के 11 साल बेमिसाल रहे है। इसी को लेकर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पूरे देश मे प्रधानमंत्री मोदी के 11 साल संकल्प से सिद्धी कार्यक्रम चलाने जा रही है। जिसके चलते भारतीय जनता पार्टी उमरिया के द्वारा आज शनिवार को बीजेपी कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे सदन भरौली में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। जिसमे मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल,संगठन प्रभारी विनोद यादव और भाजपा के वरिष्ठ नेता मिथलेश मिश्रा शामिल हुए।

आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत के हर क्षेत्र और हर वर्ग में हुए ऐतिहासिक परिवर्तन के 11 वर्षों का उत्सव मना रहे हैं। पीएम मोदी के 11 साल संकल्प से सिद्धी का अभियान चलाकर पीएम के द्वारा इन वर्षों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किये गए विकास और जन हितैषी कार्यो को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प है।

प्रधानमंत्री जी की नीतियों के फलस्वरूप भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। श्री अग्रवाल ने कार्यशाला में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों को जिला स्तर और मंडल स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया है।वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रदेश कार्य समिति के सदस्य मिथिलेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुशल नीतियों से माँ भारती का गौरव बढ़ा है। जी-20 का नेतृत्व सहित तमाम ऐसे कार्यो से भारत का जन जन पुलकित है।

उनकी नीतियों और योजनाओं से ग्रामीण भारत की तस्वीर और तकदीर बदली है। भारत की खस्ता अर्थब्यवस्था को पंख मिले है। भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता देश है। सभी क्षेत्रो में उन्नति हो रही है और यह सब मोदी जी की दृढ़ इच्छाशक्ति और अच्छी सोच का परिणाम है। उन्होंने बताया कि मोदी जी की राष्ट्र हितैषी नीतियों के सकारात्मक परिणाम हम सबके सामने है। साथ ही भारत अपने सीमाओं की सुरक्षा सहित अहम मुद्दों पर विजय हासिल कर चुका है। अब भारत की सेना दुश्मनों को घर मे घुसकर मार रही है। ऑपरेशन सिंदूर इसका जीवंत प्रमाण है।

## विशेष परिषद बैठक में योजनाओं की समीक्षा

**सिंगरौली, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के परिषद अध्यक्ष देवेश पाण्डेय के अध्यक्षता एवं नगर निगम आयुक्त डीके शर्माए सांसद प्रतिनिधि संतोष बर्मा के उपस्थिति में आज निर्धारित समयानुसार नगरीय क्षेत्र में संचालित शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा विशेष परिषद की बैठक आयोजित कर की गई। परिषद बैठक का प्रारंभ परम्परानुसार राष्ट्रगान के साथ किया गया। तत्पश्चात शासन की योजनाओं की विस्तार से चर्चा कर हर एक विंदु की समीक्षा की गई।

परिषद बैठक में शासन की कायाकल्प योजना 2.0 की पार्षदो द्वारा चर्चा कर समीक्षा की गई जिसके तहत नगरीय क्षेत्र में सड़को का रखरखाव करनाए जिन वार्डो मोहल्लो में सड़क नही है। ऐसे मोहल्लो को चिन्हित कर सड़को का निर्माण कार्य कराने तथा क्षतिग्रस्त सड़को का सर्वे कर उनकी मरम्मत कराने का निर्देश परिषद अध्यक्ष के द्वारा दिया गया।

परिषद में सीवर लाइन निर्माण की भी विस्तार से समीक्षा की गई तथा निर्देश दिए गए कि सीवर लाईन का निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के साथ ही सीवर लाईन डालते हुये जहा पर सड़के क्षतिग्रस्त हुई है उनका संबंधित संविदाकार द्वारा तत्काल सुधार कार्य कराया जाये ताकि मानसून के दौरान आवागमन में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न होने पायें।

साथ ही परिषद बैठक मे संजीवनी क्लीनिको निर्माण के संबंध में चर्चा कर निर्देशित किया गया है नगरीय क्षेत्र के जिन वार्डो में संजीवनी क्लीनिक का निर्माण प्रस्तावित है उनका निर्माण कार्य समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाये ताकि वहा के निवासियो को बिना किसी असुविधा के स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। साथ ही पीएम आवास के दोनो घटको की विस्तार से समीक्षा की गई। एवं निगम अध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया कि शासन की इस महत्वाकाक्षी योजना का अधिक से अधिक हितग्राहियों को इस योजना का लाभ मिले।

परिषद बैठक के अंत में सभी को संबोधित करते हुयें नगर निगम अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी एक मात्र लक्ष्य नगरीय क्षेत्र में निवासरत नागरिको को शासन की जन कल्याण कारी योजनाओंए शहर के विकास कार्यो को समय पर पूर्ण कराने का होना चाहिए। किसी भी नगर का विकास तभी संभव है जब केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की सामुचित योजनाओ का लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुचे।

अध्यक्ष पाण्डेय ने कहा कि किसी भी नगर का विकास तभी संभव है जब वहा की सड़के सर्वजिनिक स्थल नगर की साफ सफाई व्यवस्था बेहतर रहे। उन्होने परिषद में उपस्थित सभी पार्षदो से आग्रह किया कि अपने अपने वार्डो के समुचित विकास के लिए मन लगाकर तत्परता के साथ कार्य करे एवं मूलभूत आवश्यकतओं को चिन्हित कर उनसे अवगत कराये ताकि आवश्यकताओ की पूर्ति की जा सके।

परिषद बैठक के दौरान उपस्थित पार्षदो के द्वारा भी नगर विकास के संबंध मे अपने अपने आवश्यक सुझाव दिए गए। तत्पश्चात निगम अध्यक्ष के द्वारा अनिश्चित काल तक के लिए परिषद को स्थगित करने की घोषणा की गई।